Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 23-11-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title: Need to review the Rules and Regulations framed for setting up of Special Economic Zone with a view to ensure balanced development in all the regions of the country.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, सरकार ने हाल ही में एसई-z विशो आर्थिक क्षेत्र बनाने के लिए नियम बनाये हैं और काफी संख्या में इस प्रस्ताव को जल्दी में स्वीकृति भी प्रदान कर दी गयी है। यह समझ में नहीं आ रहा है कि इतनी जल्दी जल्दी स्वीकृतियां क्यों दी जा रहीं हैं। इस नियम में काफी असमानताएं हैं। सिर्फ कुछ ही राज्यों में एसई-z बनेंगे। बाकी राज्य वैसे ही पिछड़े हैं और पिछड़ते जायेंगे। एसई-z क्रमशः सभी राज्यों में समान रूप से बने और कृाि योग्य भूमि पर कदापि नहीं बनने दिया जाये।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि एसई-Z के नियमों में व्याप्त असमानताएं जैसे सभी राज्यों में एसई-Z की क्रमशः स्थापना, कृाि योग्य भूमि पर एसई-Z की अनुमति नहीं देना, एसई-Z के माध्यम से जमींदारी प्रथा को फिर से नहीं बहाल करना आदि विायों पर जब तक पूर्ण कानून नहीं बने तब तक एसई-Z की चाहे स्वीकृति क्यों ही न दी जा चुकी हो, कार्य स्थगित रखने की कृपा करें, इससे सभी राज्यों के हितों की रक्षा की जा सकती है। खासकर गरीब और पिछड़े राज्यों में एसई-Z अधिक से अधिक संख्या में लगे, यह सुनिश्चित हो।